विशेष अभियान दिवस पर लिए जाएंगे आवेदन

मधेपुरा | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

मतदाता सूची

- बूथ स्तरीय पदाधिकारी सभी प्रपत्र के साथ रहेंगे उपस्थित
- पांच और 12 जनवरी को विशेष अभियान दिवस

अहर्ता तिथि एक जनवरी 2020 के आधार पर निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है। विशेष अभियान दिवस के लिए पांच जनवरी और 12 जनवरी की तिथि निर्धारित की गयी है।

उपनिर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि विशेष अभियान दिवस पर मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी पर्याप्त संख्या में सभी प्रपत्र के साथ संबंधित मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर निर्वाचकों से दावा-आपत्ति प्राप्त करेंगे।

विशेष अभियान दिवस पर शाम पांच बजे तक निर्वाचकों से प्राप्त दावा आपत्ति से संबंधित रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने कहा कि एकीकृत प्रारूप निर्वाचक नियमावली का प्रारूप प्रकाशन 16 दिसम्बर को किया गया। उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर 2019 से 15 जनवरी 2020 तक दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 27 जनवरी तक दावा-आपत्तियों का निराकरण होगा। उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सात फरवरी को किया जाएगा।